# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(ग्यारहवां सत्र)**

**लिखित उत्तर हेतु प्रश्न**

## सोमवार, 28 मार्च, 2016/8 चैत्र, 1938 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** ].

**कुल प्रश्न** - 17

----

### नियुक्ति हेतु मापदण्ड

1279 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि विभाग द्वारा पुलिस चौकी की स्थापना हेतु स्टाफ की नियुक्ति के मापदण्ड निर्धारित किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो जिला कुल्लू के अन्तर्गत कितनी चौकियां हैं और क्या उन सभी में निर्धारित मापदण्डों के अनुसार स्टाफ तैनात है; और

(ग)यदि नहीं, तो कौन-कौन सी चौकी में पद रिक्त हैं तथा यह पद कब तक भर दिए जाएंगे ?

----

### भूमि को वापिस लौटाना

1280 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार व National Hydro Power Corporation के मध्य हुये समझौता ज्ञापन (MOU) अनुसार जो भूमि स्थानीय लोगों की अधिग्रहण की गई है को सरप्लस होने पर सरकार अथवा भूमि मालिक को लौटाने का प्रावधान है;

(ख) यह भी सत्य है कि गांव  मणहम उप-तहसील सैंज कुल्लू के निवासियों ने अधिग्रहित भूमि को वापस लौटाने का आग्रह किया है; और

(ग)यदि हां, तो भूमि न लौटाने के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें?

----

## भवन निर्माण

1281 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि सरकार ने लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त भवन निर्माण  के ठेके अन्य एजैंसियों को देने का निर्णय लिया है; यदि हां, तो ब्यौरा एजैंसियों के नाम सहित दें; और

(ख) प्रदेश में जिलाशः कितने-कितने और कौन-कौन से कार्य इन एजैंसियों को ठेके  पर दिये गये और जिला कुल्लू में प्रत्येक कार्य के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## सड़कों की डी0पी0आर0

1282 **श्री विनोद कुमार(नाचन) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क)नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की निम्नलिखित सड़कों को विधायक प्राथमिकता में कब डाला गयाः-

स्यांज, कासन, देलग, सन्जैला से देवकमरुनाग वाया झौर, मंडागलू से वृखमणि वाया टपानी, समीह, चौकी, कफ्लौन, दारन, नांडी,ज्वाला से अपर बैहली वाया नढोगी,नाऊडा,हवाण,तरमोडा व उवाह;

(ख) इनकी डी0पी0आर क्या बन चुकी है; और

(ग) इसकी वर्तमान स्थिति क्या है; विवरण दें?

----

## भवन निर्माण

1283 **श्री विनोद कुमार(नाचन) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घिड़ी तथा राजकीय प्राथमिक पाठशाला ओडी (फंग्यार) के भवन निर्माण के लिए कितनी-कितनी राशि  स्वीकृत हुई तथा कब-कब प्रदान की गई;

(ख) यह धनराशि क्या खर्च की जा चुकी है या नहीं, कितनी राशि खर्च हुई; ब्यौरा दें;

(ग) यह भवन क्या बन कर तैयार हो गए हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो धनराशि उपलब्ध होने के बावजूद अभी तक इनका कार्य अधूरा क्यों है, ब्यौरा कारण सहित दें?

----

## बस सेवा

1284 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**:

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा शिमला से रोहाण्डा वाया ततापानी बस सेवा चलाई जा रही है; और

(ख) सरकार इस बस सेवा को कटेरू तक चलाने पर विचार करेगी; यदि नहीं, तो कारण?

----

## भानुपल्ली-बिलासपुर रेल मार्ग

1285 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि भानुपल्ली- बिलासपुर रेल मार्ग के सर्वेक्षण का कार्य आरम्भ कर दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या इस रेल मार्ग की वाया मनाली होते हुये लद्दाख तक की मंजूरी मिल गई है;

(ग) यह मंजूरी कब मिली और क्या इसका सर्वे भी हो गया है; और

(घ) सरकार ने इस रेल मार्ग के सम्बन्ध में केन्द्र से कोई पत्राचार किया है; यदि हां, तो पत्राचार की प्रतियां सभा पटल पर रखें?

----

## पारम्परिक कला और संस्कृति केन्द्र का निर्माण

1286 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि मनाली विधान सभा चुनाव क्षेत्र के बड़ा-ग्रां-बिहाल (15 मील) में पारम्परिक कला और संस्कृति केन्द्र (Center for Traditional Arts & Crafts) का निर्माण प्रारम्भ किया है;

(ख) यदि हां, तो इसकी अनुमानित लागत कितनी है; इसके निर्माण हेतु कितनी भूमि निर्धारित है व अब तक इस पर कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है;

(ग) इसका संचालन किस विभाग द्वारा किया जा रहा है; और

(घ) इससे स्थानीय जनता को क्या लाभ प्राप्त हुआ व सरकार इसमें क्या-क्या सुविधाएं प्रदान करने जा रही है; ब्यौरा दें ?

----

## शारीरिक शिक्षकों की रिक्तियां

1287 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला कुल्लू में कितने शारीरिक शिक्षकों के पद सृजित हैं; इनमें से कितने रिक्त हैं; सूची सभा पटल पर रखें ?

----

## सड़क निर्माण

1288 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत दो वर्षों में सुजानपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत दिनांक 31.1.2016 तक कितनी सड़कें एवं पुल विधायक प्राथमिकता और प्रधान मन्त्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत लाई गई; ब्यौरा सड़कवार दें;

(ख) इनमें से किस-किस सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है; ब्यौरा दें; और

(ग) इनमें से कौन सी सड़कें ऐसी हैं जिनकी डी0पी0आर0 नहीं बनी; ब्यौरा दें?

----

## भवन निर्माण

1289 **श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा)**ः

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि वर्तमान में आई0टी0आई0 गंगथ का भवन निर्माणाधीन है; और

(ख) यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

----

## गृह क्षेत्र के साथ पंचायत में तैनाती

1290 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि अनुबन्ध पंचायत सहायक एवं पंचायत सचिव की तैनाती उनके गृह क्षेत्र के साथ लगती पंचायत में हो सकती है;

(ख) यदि हां, तो विकास खण्ड पांवटा व शिलाई में इन सहायकों की कहां-कहां तैनाती की गई है और यह कौन-कौन सी पंचायतों के रहने वाले हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार क्या इन सहायकों को जो साथ लगती पंचायतों में कार्यरत हैं का स्थानान्तरण करने का विचार रखती है ?

----

## पशु फार्मासिस्ट

1291 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार पंजाब राज्य की तर्ज पर पशुपालन विभाग में कार्यरत पशु फार्मासिस्ट को पशु निरीक्षक नामित करने पर विचार कर रही है; यदि हां, तो कब तक?

----

## मशीनरी का प्रबन्ध

1292 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में बजरोली पुल से नकौड़ा पुल तक भारी हिमपात के कारण उप-तहसील देहा,नेरवा व तहसील चौपाल,कुपवी की 70 सड़कें तीन महीनों के लिए बंद हो जाती हैं जिस कारण लोग घरों में फंस जाते हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार क्या बर्फ हटाने के लिये अतिरिक्त मशीनों का प्रबन्ध करेगी; ब्यौरा दें?

----

## पाठशालाओं का उन्नयन

1293 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत प्रारम्भिक एवं उच्चतर शिक्षा की कितनी पाठशालाओं को स्तरोन्नत किया गया तथा उनमें से कितनी पाठशालाएं कार्यात्मक (functional) हैं; ब्यौरा पाठशाला के नाम सहित दें;

(ख) इन पाठशालाओं हेतु कितने पद स्वीकृत किए गए और इनमें से कितने रिक्त हैं; ब्यौरा पदवार दें; और

(ग) सरकार रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## उप-तहसील सिहुन्ता का उन्नयन

1294 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत उप-तहसील सिहुन्ता का उन्नयन करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें ?

----

## भवन निर्माण

1295 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार द्वारा भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक पाठशाला सिम्बल घट्टा के जर्जर भवन के पुनःनिर्माण हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 11 मार्च, 2016 .** **सचिव।**